# मुख्यमंत्री श्रमिक योजना (MSY) के लाभुकों को निर्माण कार्यों में रोजगार देने के निर्देश

# जॉब कार्ड प्राप्त लाभुकों को कंस्ट्रक्शन कार्यों में मिलेगा रोजगार

- मानगो निगम में मुख्यमंत्री श्रमिक योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

**वरीय संवाददाता, जमशेदपुर**

मुख्यमंत्री श्रमिक योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए मानगो नगर निगम कार्यालय में बुधवार को बैठक हुई. इसमें कार्यपालक पदाधिकारी दीपक सहाय ने सहायक अभियंता एवं सभी कनीय अभियंताओं को निगम क्षेत्र में कार्यरत संवेदकों से बात कर जॉब कार्ड प्राप्त लाभुकों को कंस्ट्रक्शन कार्यों में लगाने का निर्देश दिया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्रमिक योजना में जॉब कार्ड प्राप्त लाभुकों को कार्य के मांग के आधार पर अधिकतम 100 दिनों का रोजगार देना आवश्यक है. कार्यपालक पदाधिकारी ने सभी कनीय अभियंताओं को निर्देश दिया कि यूएलबी स्कीम के तहत चल रहे नाली निर्माण, पेवर्स ब्लॉक, सड़क निर्माण एवं अन्य संबंधित कंस्ट्रक्शन कार्यों में अकुशल श्रमिकों को जॉब कार्ड प्राप्त लाभुकों को कार्यों में लगाया जाये. इसके लिए सभी संवेदकों से समन्वय स्थापित करें. कार्यपालक पदाधिकारी ने कहा प्रत्येक सप्ताह योजना की समीक्षा की जायेगी. कार्यों में प्रगति नहीं होने पर संबंधित कर्मी पर कारवाई की जायेगी. बैठक में नगर प्रबंधक जितेंद्र कुमार, सहायक अभियंता संतोष कुमार, सीएमएम निर्मल कुमार, कनीय अभियंता देवेश कुमार, सुबोध कुमार, नंदू कुमार आदि उपस्थित थे.



**नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड सरकार**

Toll free no.: 1800-120-2929 | Website : www.dmajharkhand.in | Follow us on : @JharkhandDMA